इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ।

संख्याः6012/Admin./Lucknow/2024
दिनांकः30/08/2024

विज्ञप्ति

इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ में अधिवक्ताओं के लिपिकों (Clerks) (पंजीकरण एवं चरित्र) नियमावली, 1997 के नियम 7 के अन्तर्गत होने वाली वर्ष 2024 की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

आवेदन पत्र (निर्देश पत्र सहित) दिनांक 02.09.2024 से 23.09.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में दोपहर 2:00 बजे से सायं 4:30 बजे तक पास अनुभाग (गेट नम्बर-6 के निकट) से रु. 20/- (बीस रुपये मात्र) नकद भुगतान करके प्राप्त किया जा सकता है।

प्रार्थना पत्र को पूर्णतया भरकर पास अनुभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि 24.09.2024 और समय सायं 04:30 बजे तक है। अन्तिम तिथि और समय के बाद किसी भी आवेदन पत्र पर विचार/स्वीकार नहीं किया जायेगा। परीक्षा की तिथि 19.10.2024 (शनिवार) को निर्धारित की गई है, हालांकि अपरिहार्य परिस्थितियों में इसे परिवर्तित भी किया जा सकता है।

यह परीक्षा केवल पैनल बनाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। पैनल में सम्मिलित होने मात्र से कोई भी आवेदक उच्च न्यायालय में किसी भी प्रकार के सेवायोजन या किसी अधिवक्ता से पारितोषिक प्राप्त करने का अधिकारी नहीं होगा, जब तक कि कोई अधिवक्ता उसे अपने लिपिक के रूप में सम्बद्ध नहीं कर लेता है।

Sd/-

वरिष्ठ निबंधक

इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ